RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com PK Times News thepktimesofficial pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

अपने आप की तुलना किसी से मत करो, यदि आप ऐसा कर रहे है तो आप स्वयं अपनी बेइज्जती कर रहे है

- बिल गेट्स

वर्ष - 12 | अंक - 267 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | गुरुवार, 09 अप्रैल 2026

# मुख्यमंत्री ने जयपुर मेट्रो फेज-2 की मंजूरी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार

## प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर होगा विकसित

**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश के समग्र विकास को नई गति देने की दिशा में दो महत्वपूर्ण निर्णय हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जयपुर मेट्रो फेज-2 एवं आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा पचपदरा रिफाइनरी की संशोधित लागत को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री शर्मा ने इन ऐतिहासिक निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि जयपुर मेट्रो फेज-2 के अन्तर्गत प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर सीतापुरा से लेकर वीकेआईए तक के औद्योगिक एवं आवासीय क्षेत्रों को जोड़ते हुए यह जयपुर की जीवनरेखा के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम से जयपुर के शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी।



**पूरे देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुदृढ़ करेगी पचपदरा रिफाइनरी**

मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी के लिए 79 हजार 459 करोड़ की संशोधित लागत को मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी परियोजना से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा इससे 25 हजार से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, जो प्रदेश के आर्थिक सशक्तीकरण में सहायक होंगे।

**फेज-2 देगा शहर को नई कनेक्टिविटी**



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल के द्वारा जयपुर मेट्रो फेज-2 को मंजूरी दी है। इस कॉरिडोर में कुल 36 स्टेशन होंगे और परियोजना की कुल लागत 13037.66 करोड़ है। इस परियोजना का क्रियान्वयन राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, जो भारत सरकार और राजस्थान सरकार की 50:50 साझेदारी वाली संयुक्त कंपनी है। यह फेज-2 कॉरिडोर सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, वीकेआईए, जयपुर एयरपोर्ट, टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल और स्टेडियम, अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसमें एयरपोर्ट क्षेत्र में भूमिगत स्टेशन भी शामिल होंगे जिससे शहर में एकीकृत और निरंतर मेट्रो नेटवर्क सुनिश्चित होगा। जयपुर में फेज-1 के तहत ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक 11.64 किलोमीटर लंबी मेट्रो सेवा संचालित है, जिसमें 11 स्टेशन हैं। प्रस्तावित फेज-2 उत्तर-दक्षिण दिशा में इस नेटवर्क को और विस्तार देगा, जिससे पूरे शहर में व्यापक मेट्रो कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी, ट्रैफिक जाम में कमी आएगी और शहरी परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा। इससे जयपुर को एक आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार शहर के रूप में और मजबूती मिलेगी

# पचपदरा रिफाइनरी आत्मनिर्भर राजस्थान और आर्थिक विकास को देगी नई दिशा: प्रदेशाध्यक्ष राठौड़

**लोक टुडे। जयपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से 21 अप्रैल 2026 को पचपदरा रिफाइनरी परियोजना का लोकार्पण होगा। इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताते हुए राठौड़ ने कहा कि यह परियोजना राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ आर्थिक विकास को नई दिशा देगी। राठौड़ ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा क्षेत्र में निमार्णाधीन रिफाइनरी परियोजना राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होने जा रही है, जिसकी आधारशिला वर्ष 2007-08 में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नेतृत्व में रखी गई थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि रिफाइनरी परियोजना रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम बनेगी। पहले जहां 10 से 30 हजार लोगों के रोजगार की संभावना थी, वहीं अब लगभग 90 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए पानी की व्यवस्था को लेकर सरकार ने नवाचार करते हुए पाली, बालोतरा एवं जोधपुर क्षेत्र के शोधन किए गए अपशिष्ट जल के उपयोग का प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे आमजन के लिए पेयजल की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी। भाजपा सरकार जनसेवा के उद्देश्य से कार्य कर रही है और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा इस परियोजना को लेकर किया गया समझौता राज्य के हित में नहीं था, जिससे राजस्थान सरकार पर अत्यधिक वित्तीय भार पड़ने वाला था। उन्होंने कहा कि उस समय बिना समुचित पर्यावरण स्वीकृति एवं वित्तीय स्पष्टता के जल्दबाजी में एमओयू किया गया, जिससे राज्य को भारी नुकसान होने की आशंका थी। राठौड़ ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सितंबर 2013 में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी को पचपदरा बुलाकर रिफाइनरी परियोजना का शिलान्यास कराया, जो केवल एक "चुनावी ढोंग" साबित हुआ। उस समय न तो भूमि का अधिग्रहण किया गया था और न ही आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृतियां ली गई थीं, जिसके कारण कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में परियोजना पर कोई ठोस कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। गहलोत सरकार द्वारा किया गया समझौता राज्य के हितों के विपरीत था। इस समझौते के तहत राजस्थान सरकार को 15 वर्षों तक प्रति वर्ष ₹3,736 करोड़ बिना ब्याज के संबंधित कंपनी को देने का प्रावधान किया गया था, जो रिफाइनरी परियोजना में क्रूड निकालने का कार्य करती। राठौड़ ने कहा कि "जमीन हमारी, तेल हमारा और भुगतान भी हम ही करें, जबकि हमें केवल 26 प्रतिशत इक्विटी मिले और 74 प्रतिशत हिस्सेदारी कंपनी को दी जाए"—यह पूरी तरह से राज्य के साथ अन्याय था।

# पीसांगन में रवि सिनोदिया का स्वागत, कार्यकताओं ने दिखाई एकजुटता

**लोक टुडे। अजमेर**

पीसांगन कस्बे में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में युवा कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष प्रत्याशी रवि सिनोदिया के आगमन पर कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ माला एव साफा पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं ने रवि सिनोदिया को यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया। कार्यकताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने तथा आगामी समय में अधिक से अधिक वोट दिलाने का संकल्प भी लिया।




इस अवसर पर रवि सिनोदिया ने कहा कि सभी मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और एकजुटता के साथ काम करते हुए पार्टी को मजबूत बनाएंगे। स्वागत कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकताओं ने एक सुर में समर्थन जताते हुए एकता और संगठन की ताकत का संदेश दिया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश्वर व्यास,कानाराम ढंझा,संगठन महासचिव सगीर अहमद,पंचायत प्रकोष्ठ संयोजक रमेश कांगवा,एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष अभय अजयपाल,एसी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष सतीश बाकोलिया, सलीम मंसूरी, सोहनलाल फानन, मनोज शर्मा, बादशाह खान,सिकंदर मंसूरी,इरफान मंसूरी, फैजान, सौरभ, रमजान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति का धरना समाप्त, 1 मई तक का अल्टीमेटम

**लोक टुडे। भरतपुर**

रीट 2018 भर्ती के अंतर्गत MBC वर्ग के शेष 372 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर धरना चल रहा था। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति और जिला प्रशासन के साथ सकारात्मक वार्ता हुई है और 1 मई तक का समय दिया गया है। अगर सरकार मांग नहीं मानती है तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति कार्यकारी अध्यक्ष श्रीराम बैंसला ने बताया कि राजस्थान में रीट 2018 भर्ती के अंतर्गत टइउ वर्ग के शेष 372 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर बयाना थाना क्षेत्र के पीलूपुरा-कारबारी शहीद स्मारक पर धरना चल रहा है । इन अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति ने फैसला लिया कि 8 अप्रैल को महापंचायत आयोजित की जाएगी लेकिन जिला प्रशासन की ओर से वार्ता के लिए निमंत्रण भेजा गया और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारी जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां जिला कलेक्टर कमर चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द के साथ अन्य अधिकारी बैठक में मौजूद रहे। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन की ओर से सकारात्मक वार्ता हुई है उन्होंने 1मई का समय दिया है सरकार को संदेश भेजा जाएगा। 2 मई को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारी यहां आएंगे और जिला कलेक्टर से जवाब मांगेंगे. अगर सरकार हमारी मांग को मान लेती है तो ठीक नहीं तो इसके बाद समाज निर्णय लेकर आंदोलन की रणनीति बनाएगा इसका जिम्मेदार सरकार और जिला प्रशासन होगा फिलहाल धरने को समाप्त कर दिया है। हालांकि वार्ता में शामिल होने आए गुर्जर समाज के पदाधिकारीयो से पूछा गया कि विजय बैसला जी क्यों नहीं वार्ता कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि वह गुर्जर आरक्षण संगठन समिति के अध्यक्ष हैं और श्री राम बैसला कार्यकारी अध्यक्ष जो समाज के लिए काम करेगा वह आगे आएगा और वही सरकार से वार्ता करेगा उन्होंने कहा कि यह 2018 से मांग चली आ रही है और जो अभी तक पूरी नहीं हुई है। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि MBC वर्ग के शेष 372 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर धरना चल रहा है। जिसे लेकर के सरकार के निर्देश पर गुर्जर समाज के पदाधिकारी से सकारात्मक चर्चा हुई है और हम लोगों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आपका जो संदेश है या बात है उसे सरकार मंत्रिमंडल तक पहुंचा दिया जाएगा और 1 मई तक का समय दिया है ।



# ₹10 में कपड़े प्रेस करने वाले के नाम ₹598 करोड़ का 'साम्राज्य'1, IT नोटिस देख उड़े होश

**लोक टुडे । अजमेर**

राजस्थान के अजमेर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ सड़क किनारे कपड़े प्रेस (इस्त्री) करने वाले एक साधारण व्यक्ति के नाम पर करोड़ों रुपये के लेन-देन का खुलासा हुआ है। रामनगर निवासी जितेंद्र कुमार बाड़ोलिया को जब आयकर विभाग (Income Tax) का 598.50 करोड़ रुपये का नोटिस मिला, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।




### क्या है पूरा मामला?

जितेंद्र, जो मुश्किल से दिन के कुछ सौ रुपये कमा पाते हैं, उनके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर गुजरात के सूरत में 'मैसर्स मनन इंटरप्राइजेज' नामक एक फर्जी फर्म खड़ी कर दी गई। आयकर विभाग के अनुसार, इस फर्म के जरिए मात्र 3 महीनों (दिसंबर 2020 से फरवरी 2021) के भीतर करीब 468 करोड़ रुपये का टर्नओवर किया गया, जबकि कुल ट्रांजेक्शन 598 करोड़ रुपये से अधिक का दिखाया गया है।

### खोया पैन बना घोटाला

पैन कार्ड की गुमशुदगी और धोखाधड़ीजांच में सामने आया है कि करीब 2 साल पहले जितेंद्र का पैन कार्ड (PAN Card) खो गया था। आरोप है कि पाली के एक युवक, सिद्धार्थ ने इस खोए हुए कार्ड का गलत इस्तेमाल किया। जितेंद्र के नाम और पहचान का उपयोग कर न केवल फर्जी कंपनी बनाई गई, बल्कि सूरत के एक निजी बैंक में खाता भी खुलवा लिया गया, जहाँ से करोड़ों का काला खेल चलता रहा।

### बैंकिंग सिस्टम पर सवाल

बैंकिंग प्रणाली पर उठे गंभीर सवालइस मामले ने देश की बैंकिंग सुरक्षा प्रणाली की पोल खोल दी है। जितेंद्र के वकील के अनुसार, एक गरीब व्यक्ति के नाम पर इतने बड़े स्तर पर ट्रांजेक्शन होते रहे और बैंक ने इसकी सूचना नियमानुसार उच्च अधिकारियों या RBI को नहीं दी। लापरवाही के चलते आयकर विभाग ने संबंधित बैंक मैनेजर को भी नोटिस थमाया है।सदमे में पीड़ित परिवारनोटिस मिलने के बाद से जितेंद्र और उनका परिवार गहरे सदमे में है। तनाव के चलते जितेंद्र का शुगर लेवल 500 के पार पहुँच गया और बीपी भी अनियंत्रित हो गया है। घबराहट के कारण उन्होंने काम पर जाना भी बंद कर दिया है। पीड़ित ने अजमेर के गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## क्राइम फाइल्स

## फर्जी बैंक खातों के जरिए लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार




**लोक टुडे । अजमेर**

राजस्थान के अजमेर में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे 'म्यूल हंटर' अभियान के तहत सिविल लाइंस थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने फर्जी बैंक खातों (म्यूल अकाउंट्स) के जरिए लाखों रुपये के अवैध लेनदेन करने के आरोपी मुकेश खारोल (26) को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**ठगी का मॉडस ऑपरेंडी:**

पुलिस जांच में सामने आया कि मुकेश खारोल मासूम और कम पढ़े-लिखे लोगों को निशाना बनाता था। वह उन्हें महज 3% कमीशन का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता और उनकी चेकबुक, एटीएम कार्ड व मोबाइल सिम अपने कब्जे में ले लेता था। इन खातों का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग 'डिजिटल अरेस्ट' और 'जीएसटी' के नाम पर डराकर वसूली गई रकम को ठिकाने लगाने के लिए करते थे।

**करोड़ों के ट्रांजेक्शन का अंदेशा**

सिविल लाइंस थाना पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान एक संदिग्ध खाते (राकेश कुमार के नाम पर) में केवल 55 दिनों के भीतर 14,78,300 रुपये का संदिग्ध लेनदेन पाया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन और कई महत्वपूर्ण बैंक दस्तावेज जब्त किए हैं।

**नेटवर्क की तलाश जारी**

एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में पुलिस अब इस गिरोह के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से यह उगलवाने की कोशिश करेगी कि इस ठगी के पैसे का मुख्य स्रोत क्या है और गिरोह में अन्य कौन-कौन से 'सफेदपोश' लोग शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने पहले भी एक आरोपी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया था।

## जिला कांग्रेस कमेटी एस टी विभाग का जिलाध्यक्ष मनोनीत

**लोक टुडे । उनियारा**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी एस टी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष गणेश गोगरा विधायक ने टोंक जिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष फोजूराम मीना को नियुक्त किया है । टोंक जिलाध्यक्ष एस टी विभाग के जिलाध्यक्ष फोजूराम मीणा की नियुक्ति के समाचार मिलते ही टोंक जिले में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालो का तांता लग गया। टोंक जिला



कांग्रेस कमेटी एस टी विभाग के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष फोजूराम मीणा ने शीर्ष नेतृत्व व टोंक विधायक पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने मुझे दी है उसको पूरी लगन, मेहनत से काम करेंगे और बुथ लेवल तक कांग्रेस एस टी विभाग को मजबूती प्रदान करने को प्राथमिकता दूंगा।

## भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सिरोही पहुंचे विधायक राजेन्द्र गुर्जर

**लोक टुडे । उनियारा**

देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस भाजपा देहात मंडल देवली द्वारा सिरोही ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी देवली मंडल द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस समा-रोह के मुख्य अतिथि देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र



गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, सिद्धांतों और विचारों पर आधारित एक सशक्त संगठन है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत आज भी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का आधार हैं। 47 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई यह गौरवपूर्ण यात्रा आज जिस शिखर पर पहुँची है वह हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, अटूट निष्ठा और निरंतर सेवा का परिणाम है।

## 14 सूत्रीय मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों का अजमेर में महा-प्रदर्शन

**लोक टुडे । अजमेर**

राजस्थान रोडवेज के पहिये आने वाले दिनों में थम सकते हैं। अपनी लंबित 14 सूत्रीय मांगों और रोडवेज के निजीकरण के विरोध में बुधवार को राजस्थान प रिवहन निगम संयुक्त कर्मचारी फेडरेशन ने अजमेर के केंद्रीय बस स्टैंड पर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने राज्य सरकार और निगम प्रबंधन की ?हठधर्मिता? के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्य प्रबंधक को अपना मांगपत्र सौंपा।

**निजीकरण के खिलाफ आर-पार की जंग:**

संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सिंह रावत ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन दे रहे हैं, लेकिन प्रबंधन की बेरुखी ने अब उन्हें संघर्ष की राह पर धकेल दिया है। आज का प्रदर्शन प्रदेश की सभी आगार इकाइयों में एक साथ आयोजित कर सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई है।



**आंदोलन का 'ब्लू प्रिंट' तैयार:**

प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नयाल ने आगामी संघर्ष का पूरा खाका पेश किया है: 08 अप्रैल: प्रदेशभर के सभी संभागों और आगारों में विशाल जनजागरण अभियान। 20 से 26 अप्रैल: जयपुर स्थित रोडवेज मुख्यालय पर कर्मचारियों का क्रमिक धरना। 27 अप्रैल से: मांगें पूरी न होने पर मुख्यालय पर ही अनिश्चितकालीन अनशन शुरू होगा।

**राष्ट्रीय नेतृत्व का मिला समर्थन:**

इस निर्णायक लड़ाई में भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री सहित भारतीय मजदूर संघ के शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल होंगे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी ज्वलंत समस्याओं का समाधान नहीं होता, यह आंदोलन खत्म नहीं होगा। आंगनबाड़ी के प्रदेश पदाधिकारी भोलेनाथ आचार्य, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री धर्मेंद्र हिंडूनिया ने सम्भोधित किया संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सिंह रावतने किया प्रदर्शन मे विजय सिंह चौहान, अमित श्रीवास्तव,उमेश दत्ता, जितेंद्र पारीक, बहादुर सिंह राठौड़,जीतेन्द्र मेवाडा, इरफान, रोशन नाथ, सुनीता भाटी, रेखा गुर्जर, अहमद हुसैन,सहित काफी संख्या में कर्मचारी एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही!

## भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत का भव्य स्वागत

**लोक टुडे । जसनगर**

रियांबड़ी कस्बे में उस समय उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला जब भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत का जसनगर आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए ग्रामीणों और कुमावत समाज के लोगों ने जोरदार तैयारियां की हुई थीं। कस्बे में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए और समाजबंधुओं ने मालाओं व साफों के साथ उनका अभिनंदन किया। डीजे की धुन पर नाचते-गाते निकली सवारी डॉ. महेंद्र कुमावत के जसनगर पहुंचते ही माहौल उत्सवमय हो गया। ग्रामीणों और समाज के युवाओं ने डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान कुमावत समाज की ओर से उन्हें घोड़ी पर बैठाकर भव्य सवारी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण,समाजबंधु और युवा शामिल हुए।सवारी जसनगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह लोगों ने माला पहनाकर, साफा बांधकर और पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।



आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। समाज भवन में हुआ भव्य स्वागत समारोह बाद में कुमावत समाज भवन में एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जहां समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने डॉ. कुमावत का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान समाज के कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर उनका अभिनंदन किया। समारोह में समाज की एकता और संगठन की भावना भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।युवाओं को शिक्षा अपनाने का दिया संदेश समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. महेंद्र कुमावत ने युवाओं से कहा कि समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि शिक्षा को अपनाएगा तो आने वाले समय में समाज का नाम रोशन करेगा और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यवाओं से अनशासन,परिश्रम ओर सामाजिक एकता भी बनाए रखने का आग्रह भी किया समाज के एकजुटता का दिखा संदेश इस अवसर पर कुमावत समाज के बुजुर्गों ओर युवाओं ने एकजुट होकर समाज की मजबूती ओर विकास की भावनाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति ओर ग्रामीण एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे! जिससे आयोजन का माहौल उत्साह एवं सामाजिक एकता से भरपूर दिखाई दिया

## पति-पत्नी व नाबालिग ने रची थी हत्या की साजिश




**लोक टुडे । बाड़मेर**

शहर में टांके में मिले युवक के शव मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस जांच में सामने आया कि 21 वर्षीय युवक की हत्या पति-पत्नी और एक नाबालिग ने मिलकर की थी। वारदात के बाद शव को टांके में डालकर ऊपर से ढक्कन लगाकर आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस छानबीन में आरोपियों ने बताया कि मृतक युवक आरोपी की पत्नी को बार-बार कॉल कर परेशान करता था और गांव व परिजनों के बीच उसे अपनी पत्नी बताता था। इस बात से नाराज होकर आरोपियों ने साजिश रची। घटना 8-9 मार्च की रात की है, जब महिला ने युवक को मिलने और शारीरिक संबंध बनाने के बहाने टांके के पास लाया। पहले से घात लगाए बैठे पति, पत्नी और नाबालिग ने युवक को पकड़कर टांके में धक्का दे दिया, जिससे सकी मौत हो गई। इससे पहले 9 मार्च को पुलिस को टांके में युवक का शव मिला था। मृतक के चाचा की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने मामले में 21 वर्षीय पति और 18 वर्षीय पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के आदेश पर बाल सुधार गृह भेजा गया है। मामले में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की गई है।

# पाकिस्तान पर बयान को लेकर सियासत तेजः राठौड़ ने गहलोत पर साधा निशाना, बताया 'पाकिस्तान भक्त'

**लोक टुडे। जयपुर**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें ह्लपाकिस्तान भक्तह्ल करार दिया है। प्रदेश बीजेपी कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान राठौड़ ने कहा कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान की मध्यस्थता को लेकर स्पष्ट कहा था कि "हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं हैं।" इस पर गहलोत द्वारा माफी की मांग करना दुर्भाग्यपूर्ण है। राठौड़ ने कहा कि गहलोत का यह बयान उनकी राष्ट्रभक्ति पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा, "यह समझ नहीं आता कि उनकी सहानुभूति देश के प्रति है या पाकिस्तान के प्रति। विपक्ष से भी राष्ट्रभक्ति की अपेक्षा की जाती है।"



### रिफाइनरी परियोजना पर भी घेरा

राठौड़ ने इस दौरान रिफाइनरी परियोजना को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने कभी राजस्थान के हितों को प्राथमिकता नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि रिफाइनरी के लिए बनाई गई कंपनी में जल्दबाजी में फैसले लिए गए, जिससे राज्य को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में भाजपा सरकार ने शर्तों में बदलाव कर परियोजना को जमीन पर उतारा, लेकिन बाद में आई कांग्रेस सरकार ने पांच साल तक इस पर कोई ठोस काम नहीं किया।

### पानी के उपयोग पर नई योजना

राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने नर्मदा का शुद्ध पेयजल रिफाइनरी को देने का समझौता किया, जो गलत निर्णय था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रस्ताव दिया है कि पाली, बालोतरा और जोधपुर के उपयोग किए गए पानी को ट्रीट कर रिफाइनरी में इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे रिफाइनरी को जरूरी पानी मिलेगा और आम जनता के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा। "*सरकार की सोच विकास और जनसेवा की है, जबकि कांग्रेस की सोच हमेशा इससे अलग रही है,*" राठौड़ ने जोड़ा।

# 21 अप्रेल को पीएम मोदी करेंगे पचपदरा में रिफायनरी का लोकार्पण

**लोक टुडे। बालोतरा**

21 अप्रेल का दिन राजस्थान के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन होने वाला है, क्योंकि इस दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाड़मेर के पचपदरा में देश की सबसे बड़ी रिफायनरी परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इस खास मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इससे राजस्थान में रोजगार और निवेश के अवसर बढ़ेंगे। राजस्थान की कायापल्ट होगी। राजस्थान के बाड़मेर जिले के पचपदरा में बन रही रिफायनरी सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि इससे राजस्थान के आर्थिक विकास की तस्वीर बदलने का सपना पूरा होगा। करीब 72 हजार करोड़ की लागत से बनने वाली इस रिफायनरी का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी 21 अप्रेल को करेंगे, जो राजस्थान के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से बाड़मेर - जैसलमेर में इंडस्ट्रियल क्लस्टर भी विकसित होगा। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर- सहायक उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। स्थानीय स्तर पर खूब विकास होगा। ये देश की सबसे बड़ी रिफायनरी परियोजनाओं में से एक है। कुछ लोगों को लगता है कि इस रिफायनरी के लोकार्पण होने से स्थानीय लोगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। लोगों का कहना है कि ह्लइस रिफाइनरी से सबसे बड़ा फायदा स्थानीय लोगों को मिलने वाला है। निर्माण से लेकर संचालन तक, लाखों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बाड़मेर और जैसलमेर के युवाओं को सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से नौकरी मिलने की उम्मीद है। सिर्फ नौकरी ही नहीं इससे छोटे-बड़े लोगों को रोजगार मिलने वाला है। होटल, रेस्टोरेंट, ट्रांसपोर्ट, सर्विस सेंटर, कपड़ा, किराना समेत ऐसे छोटे- बड़े व्यापारियों को लाभ मिलेगा। या यूं कहिए इससे कई क्षेत्रों में बूम आएगा, जिससे लोगों का न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि उनका सोशल स्तर भी सुधरेगा।

# सीजफायर से कच्चा तेल 15%सस्ता, बाजारों में उछाल

**लोक टुडे। जयपुर/दिल्ली**

अमेरिका-ईरान के बीच 40 दिन से जारी युद्ध में 2 हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को क्रूड ऑयल करीब 15% सस्ता होकर 94.27 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जो एक दिन की बड़ी गिरावट मानी जा रही है। इससे पहले कीमतें 120 डॉलर तक पहुंच गई थीं,




जिससे पेट्रोल-डीजल महंगे होने की आशंका बढ़ गई थी। सीजफायर के बाद होर्मुज स्ट्रेट खुलने की उम्मीद से बाजारों में तेजी आई है, रुपया भी मजबूत हुआ है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि तनाव बढ़ने पर कीमतें फिर बढ़ सकती हैं।

# सुखोदय मानस्तम्भ श्रद्धा के जीवंत प्रतीक - प्रिंस शास्त्री देवांश

**लोक टुडे। उनियारा**



राजस्थान के टोंक जिले में स्थित सूथडा ग्राम में श्री श्री दिगम्बर जैन शनिग्रह निवारक मुनिसुव्रतनाथ अतिशय क्षेत्र दिगम्बर जैन धर्म की प्राचीनता, चमत्कारिक परंपरा और अटूट श्रद्धा का अनुपम केंद्र है। टोंकझ्रसवाई माधोपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 116 पर ढिकोलिया से लगभग 4 किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित यह क्षेत्र देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। प्रबंध कमेटी अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा एवं सन्तु जैन ने बताया कि इस क्षेत्र की प्रमुख विशेषता तेरहवीं शताब्दी के तीन विशाल पाषाण निर्मित सुखोदय मानस्तम्भ हैं, जिनके विषय में जनश्रुति है कि वे प्रतिवर्ष एक यव जौ धान्य के बराबर भूमि में अंदर जाते हैं। पूर्वकाल में राज दरबारियों द्वारा इन स्तम्भों की परीक्षा के प्रयास के दौरान उनसे विभिन्न रंगों का द्रव्य प्रवाहित होने की घटना ने इन्हें अतिशययुक्त सिद्ध किया और तभी से इन्हें विशेष संरक्षण प्रदान किया गया।यह क्षेत्र शनिग्रह अरिष्ट निवारक के रूप में विख्यात है। श्रद्धालुओं की दृढ़ मान्यता है कि यहाँ सच्चे भाव से की गई प्रार्थना फलदायी होती है। प्रतिदिन प्रातः उनियारा, बनेठा, अलीगढ़, ककोड़ एवं ढिकोलिया सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु अभिषेक, पूजन हेतु पहुँचते हैं। वहीं सायंकाल दूर-दूर से श्रेष्ठी परिवार एवं भक्तामर अनुष्ठान मंडल के सदस्य आरती और भक्तामर दीपार्चना में सहभागिता कर वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। तभी से प्रतिवर्ष फाल्गुन बुदि 12 को यहाँ भव्य वार्षिक मेले का आयोजन होता है आज सूथडा का यह सुखोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र न केवल एक ऐतिहासिक धरोहर है, बल्कि सतत अभिषेक, आराधना, आरती और भक्तामर दीपार्चना के माध्यम से जीवंत आस्था का प्रकाश-स्तम्भ बनकर समस्त जैन समाज को आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान कर रहा है।

# अजमेर, जयपुर से रांची व कोयम्बटूर के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**लोक टुडे। अजमेर**



ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ और यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने विशेष कदम उठाए हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा कोयम्बटूर-जयपुर और अजमेर-रांची के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है

**कोयम्बटूर-जयपुर-कोयम्बटूर साप्ताहिक स्पेशल (09 ट्रिप)**

यह ट्रेन दक्षिण भारत से राजस्थान के बीच संपर्क बढ़ाएगी। गाड़ी संख्या 06181: कोयम्बटूर से 09 अप्रैल से 04 जून 2026 तक हर गुरुवार दोपहर 02:30 बजे रवाना होकर शनिवार दोपहर 01:25 बजे जयपुर पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 06182: जयपुर से 12 अप्रैल से 07 जून 2026 तक हर रविवार रात 10:05 बजे रवाना होकर बुधवार सुबह 08:30 बजे कोयम्बटूर पहुँचेगी। विशेषताः इस ट्रेन में कुल 20 डिब्बे होंगे, जिनमें 18 थर्ड एसी कोच शामिल हैं। यह ट्रेन अजमेर, किशनगढ़, नसीराबाद, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

**अजमेर-रांची-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल (13 ट्रिप)**

झारखंड की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए यह एक बड़ी राहत है। गाड़ी संख्या 09619: अजमेर से 17 अप्रैल से 10 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार रात 11:05 बजे प्रस्थान कर रविवार सुबह 07:30 बजे रांची पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 09620: वापसी में रांची से 19 अप्रैल से 12 जुलाई 2026 तक हर रविवार सुबह 10:50 बजे चलकर सोमवार शाम 06:35 बजे अजमेर पहुँचेगी।

**रूटः**

यह ट्रेन किशनगढ़, जयपुर, सवाई माधोपुर, गुना, सागर और कटनी मुरवाड़ा से होकर गुजरेगी। इसमें सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर और जनरल डिब्बे होंगे। इन विशेष ट्रेनों के संचालन से गर्मियों के सीजन में कन्फर्म टिकट की समस्या से जूझ रहे यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## क्राइम फाइल्स

# जैसलमेर के आर्मी कैंट में हवलदार ने किया सुसाइड

**लोक टुडे। जैसलमेर**

जैसलमेर के आर्मी कैंट स्थित 23 फील्ड रेजिमेंट में सोमवार को एक हवलदार ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी शव के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सदर थाना के अरक मदन सिंह ने बताया- सोमवार सुबह रघु एस (34) पुत्र सम्पत, निवासी तमिलनाडु ने आर्मी कैंट में सुसाइड कर लिया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। इसके बाद देह को जवाहिर अस्पताल की मॉच्युरी में रखवाया गया। बुधवार को तमिलनाडु से उनके भाई पार्थिबन पहुंचे और उन्हें शव सौंपा गया। भाई शव लेकर तमिलनाडु रवाना हो चुके हैं। मामले में मर्ग दर्ज की गई है। भाई पार्थिबन ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया- सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे उन्हें यूनिट से सूचना मिली थी। इसके बाद वे कोलकाता से जैसलमेर पहुंचे। परिजनों ने किसी पर कोई शक नहीं जताया है।

**सम्मान के साथ रवाना**

बुधवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों और सेना के अधिकारियों को सौंप दिया। सैन्य सम्मान के साथ पार्थिव देह को मॉच्युर्री से रवाना किया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है, पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# सलूंबर में रहस्यमयी बीमारी का कहर, 8 दिन में 8 बच्चों की मौत

**लोक टुडे। उदयपुर**

सलूंबर जिले में रहस्यमयी बीमारी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीमारी से पिछले 2 दिन में 3 और बच्चों की मौत हो गई। झल्लारा और लसाड़िया क्षेत्र में पिछले 8 दिन में 8 बच्चों की मौत हो गई है। 2 अलग-अलग गांवों से मंगलवार को परिजन साढे.4 साल और 2 महीने के बच्चों को सलूंबर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उनमें उल्टी-दस्त शिकायत सामने आई थी। उनकी जांच की तो बच्चे मृत पाए गए। वहीं 2 साल 2 महीने के एक बच्चे की बुधवार को मौत हो गई। जयपुर और उदयपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम गांवों में जाकर जांच कर रही है। टीमें अभी तक 500 से ज्यादा परिवारों का सर्वे कर चुकी हैं। इनमें करीब 20 बच्चों में हल्के बुखार के लक्षण थे। उन्हें दवा दी गई।

**CMHO बोले- दोनों बच्चे हॉस्पिटल में मृत अवस्था में लाए गए:**

CMHO डॉ. महेंद्र कुमार परमार ने बताया- झल्लारा के आमलोदा निवासी रौनक (4.5) पुत्र जितेंद्र वेद को परिजन मृत अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि बच्चे को उल्टी हुई तो उसे घर पर रखी सिरप दी थी। सुधार नहीं होने पर उसे अस्पताल लेकर आए। जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया।बच्चे के पिता जितेंद्र वेद ने बताया- उल्टी होने के कुछ देर बाद बच्चे को बुखार के साथ घबराहट होने लगी। शरीर जकड़ने लगा। उसे तुरंत हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं लसाड़िया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर परिजन 2 महीने के बच्चे बंशी पुत्र अर्जुन निवासी कालीभीत को मृत अवस्था में लेकर पहुंचे थे। परिजन ने बताया- बच्चे को दस्त की शिकायत होने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। सुधार नहीं होने पर यहां लाए थे।

**2 साल के बच्चे की भी मौतः**

जिले के मांडली गांव में 2 साल 2 महीने के बच्चे दिव्यांश पटेल पिता महेंद्र पटेल की मौत हो गई। इस बच्चे को भी बुखार, उल्टी और दस्त की शिकायत थी। बच्चा सलूंबर से 20 किलोमीटर दूर स्थित छोटी विरवा गांव का रहने वाला था। कुछ दिन पहले मां के साथ दिव्यांश ननिहाल मांडली गांव आया था।

**मरने वाले बच्चों की उम्र 2 से 4 सालः**

सलूंबर में 1 से 6 अप्रैल तक 5 बच्चों की मौत हो गई थी। इनमें 2 सगे भाई थे। इन सभी बच्चों को बुखार, उल्टी की शिकायत हुई थी। इसके बाद 24 घंटे में ही जान चली गई। बच्चों की उम्र 2 से 4 साल की थी।

# मुख्यमंत्री ने राम जल सेतु लिंक परियोजना के निमार्णाधीन चंबल एक्वाडक्ट का किया निरीक्षण

**परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों को मिलेगा पर्याप्त जल, प्रदेश की 40 फीसदी आबादी होगी लाभांवित**

**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बूंदी जिले की इंद्रगढ़ तहसील स्थित गुहाटा गांव पहुंचकर राम जल सेतु लिंक परियोजना के अंतर्गत निमार्णाधीन चंबल एक्वाडक्ट के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में पेयजल एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा तथा प्रदेश की लगभग 40 फीसदी आबादी इससे लाभांवित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो। शर्मा ने कहा कि चम्बर एक्वाडक्ट राम जल सेतु लिंक परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, ऐसे में अधिकारी निमार्णाधीन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने परियोजना की प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति की पूरी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चम्बल एक्वाडक्ट कोटा के पीपल्दा समेल गांव तथा बूंदी के गुहाटा गांव के मध्य चम्बल नदी पर बनाया जा रहा है। इसकी कुल लंबाई 2 हजार 280 मीटर है। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि एक्वाडक्ट का निर्माण 5060 पाइलों एवं 77 पाइल कैपों पर किया जाएगा। एक्वाडक्ट में औसतन 384 गोलाकार पीयरों का निर्माण होगा। साथ ही, इसके जरिए चम्बल नदी के ऊपर जल का प्रवाह किया जाकर चम्बल नदी को क्रॉस किया जाएगा जिससे आमजन के लिए वाहनों के आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी।



इस अवसर पर शर्मा ने एक्वाडक्ट पीयर का पूजन किया। उन्होंने प्रोजेक्ट साइट पर राम जल सेतु लिंक परियोजना के निर्माण कार्यों को लेकर तैयार की गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इससे पहले शर्मा ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित परियोजना से जुड़े अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुष्कर दौरा: मणिवेदिका पीठ में दी महायज्ञ की आहुति, प्रदेश की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

**लोक टुडे। अजमेर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज अपनी एक दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा के तहत तीर्थराज पुष्कर पहुँचे। यहाँ उन्होंने मणिवेदिका पीठ में आयोजित भव्य 'शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ' में शिरकत की और पवित्र अग्नि में आहुति देकर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। पुष्कर हेलीपैड पर हुआ भव्य स्वागत मुख्यमंत्री अपराह्न करीब 4:50 बजे खरेकड़ी रोड स्थित जाट विश्राम स्थली हेलीपैड पर उतरे। उनके साथ प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह



रावत भी मौजूद रहे। हेलीपैड पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री की अगवानी की और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आध्यात्मिक अनुष्ठान में हुए शामिल हेलीपैड से मुख्यमंत्री का काफिला सीधे मणिवेदिका पीठ (गायत्री शक्तिपीठ) पहुँचा। यहाँ पिछले कई दिनों से चल रहे इस विराट गायत्री महायज्ञ के पांडाल में मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने यज्ञ में आहुति दी और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सीएम की यात्रा को देखते हुए पुष्कर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। खरेकड़ी रोड से लेकर मणिवेदिका पीठ तक भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इससे पूर्व आज ही मुख्यमंत्री ने बूंदी जिले के गुहाटा गांव में चंबल नदी पर बन रही 'राम जल सेतु लिंक परियोजना' के कार्यों का जायजा लिया था, जिसके बाद वे आध्यात्मिक नगरी पुष्कर के लिए रवाना हुए।

# 12 से 14 अप्रेल तक मनाया जाएगा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह



**लोक टुडे। जयपुर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आगामी महात्मा ज्योतिबा फुले और अंबेडकर जयंती को जिला और संभाग स्तर पर धूमधाम से मनाने के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रबुद्धजनों और राज्य स्तरीय सामाजिक संगठनों/संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और कार्यक्रम को वृहद बनाने के लिए सुझाव लिए। गहलोत ने बुधवार को मुख्यालय अंबेडकर भवन में आयोजित अहम बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रबुद्ध नागरिकों-प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम के सफल होने की कार्ययोजना बनाई।उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

गहलोत ने बताया कि 11 से 14 अप्रेल तक चार दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के साथ होगा। प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टरों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। सामाजिक न्याय मंत्री ने बताया कि 12 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर के जीवन परिचय और संविधान जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे। विशेष रूप से संविधान को जानें विषय पर एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा, जो 14 अप्रैल तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर आधारित चलचित्रों (फिल्मों) का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही, विभिन्न विभागों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गहलोत ने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जन्म जयंती का राज्य स्तरीय कार्यक्रम श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय जयपुर एवं सभी जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में संविधान प्रस्तावना का वाचन, संविधान शपथ एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला एवं राज्य स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। गहलोत ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संविधान की महत्ता और डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से आत्मसात कराना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और स्वायत्त शासन विभाग सहित विभिन्न विभागों एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। बैठक में आयुक्त उच्च शिक्षा डॉ. ओमप्रकाश बैरवा, अतिरिक्त निदेशक जेपी बैरवा, सूंडाराम मीणा सहित राष्ट्रीय मेघवाल समाज संघ, एससी-एसटी आरक्षण मंच, अखिल भारतीय खटीक समाज, संपूर्ण भारतीय बैरवा विकास संस्था, राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण समिति, नायक समाज, धोबी समाज, जाटव, कोली, घुमन्तु, सांसी समाज एवं रेगर महासभा के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस वी. एल नवल, जे. पी चंदेलिया, अनिल गोठवाल, अखिल भारतीय बैरवा महासभा के संरक्षक सहित अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# वसुंधरा राजे ने 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में मंच पर सिर्फ़ महिलाओं को बैठाया

**लोक टुडे। बांसवाड़ा**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में मंच पर महिलाओं को बिठाया। बोलीं-'यह कार्यकर्म नारी शक्ति को समर्पित। इसलिए पुरुष भाईयों से आग्रह-हमारा सहयोग करें।' इसके बाद मंच पर बैठे सभी पुरुष नेता सामने बैठ गए और सामने बैठी महिलायें मंच पर। पूर्व सीएम ने इसके लिए पुरुष नेताओं का आभार जताया। भाजपा कार्यालय में पूर्व सीएम ने कहा कि हमारे मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी के निर्देश पर यह कार्यक्रम रखा है, जिसे सर्वोच्च शक्ति की देवी माँ त्रिपुरा सुंदरी की पवित्र भूमि से शुरू किया जा रहा है।



नारीशक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के मस्तक पर स्वाभिमान का चन्दन है। इसके लिए मा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार। जिनके नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद ने 2023 में मंजूरी दी। इसके माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इसकी क्रियान्वति से महियायें भी देश के भविष्य का फैसला करेंगी। उन्होंने कहा कि महिलायें राजनीति को पार्ट टाइम नहीं समझें। यह फुल टाइम सेवा है।



गहलोत बोले रिफायनरी का लोकार्पण सुखद पल, लेकिन बीजेपी की नासमझी से समय और लागत बढ़ी पचपदरा रिफाइनरी इंतजारशास्त्र का सबसे बड़ा चैप्टर है जिसमें भाजपा सरकार के कारण सात साल का अतिरिक्त समय लगा और लागत भी दोगुनी से अधिक हो गई ।21 अप्रैल को पचपदरा रिफाइनरी के उद्घाटन का समाचार सुखद है परन्तु भाजपा सरकार की अदूरदर्शिता के कारण इस परियोजना में अतिरिक्त समय और लागत लगे हैं। अब सरकार का फोकस पेट्रो केमिकल्स जोन को विकसित करने और राजस्थान के व्यापारियों को प्राथमिकता देने पर होना चाहिए।

## गुजरात टाइटंस की पहली जीत

गुजरात टाइटंस ने IPL-19 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मैच में एक रन से हराया। दिल्ली को सीजन में पहली हार मिली है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 209 रन ही बना सकी।राशिद खान ने 3 विकेट झटके।




# कथावाचक प्रदीप मिश्रा बोले- केवल बेटी नहीं बहू भी पढ़ें

**लोक टुडे। भीलवाड़ा**

सरकार कहती है बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ और सीहारे वाले महाराज कहते हैं- बहू पढ़ाओं और देश बढ़ाओं। केवल बेटी नहीं बहू भी पढ़ें और अच्छी एजुकेशन करें। ये बात कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने बुधवार को भीलवाड़ा में कथा के दौरान कही। वे बोले- बहू पढ़कर आगे बढ़ेगी तो अपने बच्चों का भी इतिहास गढ़ेगी । मां अगर जीजाबाई जैसी होगी तो उनकी गोदी में छत्रपति वीर शिवाजी खेलेंगे, कौशल्या मां जैसी अगर होगी तो राम उनके आंगन में खेलेंगे और यशोदा और देवकी जैसी मां होंगी तो कृष्णा खेलेंगे, उनके



भीतर बल पैदा करो। दरअसल, बुधवार सके भीलवाड़ा के मेडिसिटी ग्राउंड मे पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा की शुरूआत हुई है। 7 दिनों तक चलने वाली इस कथा में राजस्थान के साथ ही गुजरात, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के भक्त भी पहुंचे हैं। कथा शुरू होने से पहले ही डोम में श्रद्धालुओं की भीड़ हो गई थी। कई लोग दो-दो किलोमीटर दूर से पैदल चल इस कथा में पहुंचे। कथा की शुरूआत से पहले बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पंडाल में पहुंची। लोगों को कथा स्थल तक पहुंचाने के लिए थोड़ी मशक्कत भी करनी पड़ी। कथा में पहले आओ, पहले पाओ पैटर्न पर एंट्री दी गई, जो भक्त पहले आए, वे थोड़ा आगे बैठ सके।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)